डिजिटिल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल

स्रोत: द हिंदू

वर्ष 2023 में भारत की G20 अध्यक्षता के दौरान, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने **डिजिटिल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल (Global Initiative on Digital Health- GIDH)** को वर्चुअल रूप से लॉन्च किया, जो इस अवधि के दौरान सहमत तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी।

- यह देशों को उनकी ज़रूरतों के आधार पर उन्हें ओवरलैप से बचाने के लिये संसाधनों का समन्वय करके और गुणवत्ता-सुनिश्चित उत्पाद प्रदान करके तीन तरीकों से समर्थन प्रदान करेगा।

GIDH का उद्देश्य क्या है?

- **परिचय:**
  - नई **GIDH पहल** डिजिटिल स्वास्थ्य वर्ष 2020-2025 पर वैश्विक रणनीति के कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिये **WHO-प्रबंधित नेटवर्क एवं प्लेटफॉर्म के रूप में** कार्य करेगी।
    - डिजिटिल स्वास्थ्य पर वैश्विक रणनीति 2020-2025 दुनिया भर में स्वास्थ्य के साथ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को बढ़ाने हेतु डिजिटिल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के लिये एक व्यापक ढाँचे की रूपरेखा तैयार करती है।
  - **WHO प्रबंधित नेटवर्क ("नेटवर्क का नेटवर्क")** के रूप में GIDH का लक्ष्य **आपसी जवाबदेही को मज़बूत करते हुए वैश्विक डिजिटिल स्वास्थ्य में हाल के एवं पूर्व के लाभों को समेकित करना** एवं बढ़ाना है।
- **उद्देश्य:**
  - डिजिटिल स्वास्थ्य परिवर्तन के लिये स्पष्ट प्राथमिक रूप से संचालित निवेश योजनाएँ विकसित करना।
  - डिजिटिल स्वास्थ्य संसाधनों की रिपोर्टिंग करना एवं पारदर्शिता में सुधार करना।
  - प्रगति में तेज़ी लाने के लिये क्षेत्रों के साथ-साथ देशों में ज्ञान के आदान-प्रदान एवं सहयोग को सुविधाजनक बनाना।
  - देशों में डिजिटिल स्वास्थ्य प्रशासन के लिये संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण का समर्थन करना।
  - **डिजिटिल स्वास्थ्य 2020-2025** पर वैश्विक रणनीति के कार्यान्वयन और इसके अगले चरण के लिये तकनीकी तथा वित्तीय सहायता में वृद्धि करना।
- **चार मुख्य घटक:**
  - **कंट्री नीड्स ट्रैकर:** विभिन्न देशों की डिजिटिल स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पहचान करने के साथ उन्हें ट्रैक करने के लिये स्थापित एक तंत्र।
  - **कंट्री रिसोर्स पोर्टल:** प्रत्येक देश में उपलब्ध डिजिटिल स्वास्थ्य संसाधनों का मानचित्र।
  - **ट्रांसफॉर्मेशन टूलबॉक्स:** स्वास्थ्य परिवर्तन के लिये गुणवत्ता-सुनिश्चित डिजिटिल टूल का भंडार।
  - **नॉलेज एक्सचेंज:** भाग लेने वाले देशों के बीच ज्ञान साझा करने की सुविधा।
- **भारत की भूमिका:**
  - भारत ने अपनी G20 अध्यक्षता के दौरान डिजिटिल स्वास्थ्य के लिये इस संस्थागत ढाँचे को स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
  - भारत का आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन एक निर्बाध इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रणाली तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है।

डिजिटिल हेल्थकेयर क्या है?

- **परिचय:**
  - डिजिटिल हेल्थकेयर चिकित्सा देखभाल वितरण की एक प्रणाली है जो गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल सेवाओं को सुलभ, सस्ती और सतत् बनाने के लिये डिजिटिल तकनीकों की एक शृंखला का उपयोग करती है।
  - डिजिटिल स्वास्थ्य के व्यापक दायरे में मोबाइल स्वास्थ्य (mHealth), स्वास्थ्य सूचना प्रौद्योगिकी (IT), पहनने योग्य उपकरण (डिवाइसें), टेलीहेल्थ और टेलीमेडिसिन एवं व्यक्तिगत चिकित्सा जैसी श्रेणियाँ शामिल हैं।
- **डिजिटिल स्वास्थ्य से संबंधित भारत की पहल:**

- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM),
- ई-संजीवनी टेलीकंसल्टेशन सेवा
- आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY)
- CoWIN ऐप

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-initiative-on-digital-health